an>

title: Issue regarding implementation of Fasal Beema Yojana.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : उपाध्यक्ष महोदय, एक तरफ सरकार फसल बीमा योजना की चर्चा करती है और प्रधानमंत्री को कृÂिष प्रधानमंत्री के तौर पर दिखाने का काम करती है। आज बड़े दुख के साथ बताना पड़ रहा है कि जब फसल बीमा योजना के आंकड़े देखते हैं तो सरकार कहती है कि तीस प्रतिशत किसानों ने फसल बीमा योजना के माध्यम से बीमा कराया है। किसानों से जबर्दस्ती किसान क्रेडिट कार्ड की किस्तों में से बीमा योजना को लागू करने का काम कर रही है। अगर इतनी जबरदस्ती से इस बीमा योजना को लागू किया जा रहा है, अगर इस तरह से बीमा योजना लागू की जाएगी तो किसान बर्बाद हो जाएंगे।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Dushyant Chautala.